CS(M) EXAM 20..

**Serial No.** **F–DTN–M–QVBA**

# PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper—I

*Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you. which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no. 1 and 5 which are compulsory, and any **three** of the remaining questions selecting at least **one** question from each Section.*

*The number of marks carried by each part of a question is indicated against each.*

**Important : Whenever a Question is being attempted, all its parts/sub-parts must be attempted contiguously. This means that before moving on to the next Question to be attempted, candidates must finish attempting all parts/ sub-parts of the previous Question attempted. This is to be strictly followed.**

*Pages left blank in the answer-book are to be clearly struck out in ink. Any answers that follow pages left blank may not be given credit.*

*ध्यान दें :* *अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।*

## SECTION—A

1. Answer the following questions in not more than **150** words each :— 12×5=60

(a) 'On a more sophisticated plane public choice is concerned with "Pareto optimality", or at least with "Pareto improvements".' Comment.

(b) 'In the canonization of this abstract idea of 'Staatsraison' are inseparably woven the sure instincts of the bureaucracy for the conditions which preserve its own power in the State' [Weber]. Explain.

(c) 'Man's motives ... in different subparts of the same organization may be different' [Edgar Schein]. Discuss.

(d) Leadership is the '*influential increment* over and above mechanical compliance with the routine directives of the organization' [Katz and Kahn]. Analyze.

(e) 'Policy judgements comprise reality judgements, value judgements and instrumental judgements' [Geoffrey Vickers]. Elucidate.

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक **150** शब्दों से अधिक न हों :— 12×5=60

(क) 'अपेक्षाकृत अधिक सुविज्ञ स्तर पर, सार्वजनिक वरण का सरोकार' 'पैरिटो इष्टतमता' के साथ है, या कम से कम 'पैरिटो सुधारों' के साथ है।' टिप्पणी कीजिए।

(ख) 'राज्य उद्देश्य' (स्टाट्सराइसन) के इस अमूर्त विचार के संतघोषण में अधिकारी-तंत्र की अपनी स्वयं की शक्ति के परिरक्षण की दशाओं की निश्चित मूल-प्रवृत्तियां अभिन्न रूप से ग्रंथित रहती हैं' [वेबर]। स्पष्ट कीजिए।

(ग) एक ही संगठन के विभिन्न उपभागों में मनुष्य के अभिप्रेरण अलग-अलग हो सकते हैं [ऐडगर शाइन]। चर्चा कीजिए।

(घ) नेतृत्व संगठन के नेमी निदेशों के साथ यांत्रिक अनुपालन के अतिरिक्त 'प्रभावात्मक वृद्धि' होता है [काट्ज़ और काह्न]। विश्लेषण कीजिए।

(च) 'नीति निर्णयनों में वास्तविकता निर्णयन, मूल्य निर्णयन और साधनात्मक निर्णयन शामिल होते हैं' [जोफ्रे विकर्स]। सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

2. (a) How would you trace the development of Public Administration in terms of different paradigms from the politics/administration dichotomy of 1900—1926 to the rise of Public Administration as Public Administration after the formation of the National Association of Schools of Public Affairs and Administration (NASPAA) in the USA in 1970 ? 30

(b) (i) In what respects is Taylor's 'Scientific Management' or classical motivational theory different from the classical organizational theory expounded by Gulick, Urwick etc ? 15

(ii) What light does Antonio Gramsci's critique of Taylorism throw on its socio-psychological underpinnings ? 15

3. (a) 'Three features characterize Simon's original view of *bounded rationality* : search for alternatives, *satisficing*, and aspiration adaptation.' Elucidate. 20

2. (क) लोक प्रशासन के 1900—1926 के राजनीति/प्रशासन द्विभाजन से, यू.एस.ए. में 1970 में लोक मामलों एवं प्रशासन के संप्रदायों की राष्ट्रीय संस्था (एन.ए.एस.पी.ए.ए.) के गठन के पश्चात्, लोक प्रशासन के लोक प्रशासन के रूप में उदय की विभिन्न रूपावलियों के रूप में, आप लोक प्रशासन के विकास का किस प्रकार संरेखण करेंगे ? **30**

(ख) (i) टेलर का 'वैज्ञानिक प्रबंधन' या चिरसम्मत् अभिप्रेरण थियोरी किन-किन बातों में गुलिक, उर्विक आदि के द्वारा प्रतिपादित चिरसम्मत् संगठनात्मक थियोरी से भिन्न है ? 15

(ii) टेलरवाद की ऐंटोनियो ग्रामसी की मीमांसा उसके सामाजिक-मनोवैज्ञानिक आधारों पर क्या नया प्रकाश डालती है ? 15

3. (क) 'परिबद्ध युक्तता' के साइमन के मूल विचार के तीन अभिलक्षण हैं : विकल्पों की खोज, संतोषकता और आकांक्षा अनुकूलन। सविस्तार स्पष्ट कीजिये। 20

(b) (i) 'The essence of the contingency theory paradigm is that organizational effectiveness results from fitting characteristics of the organization, such as its structure, to contingencies that reflect the situation of the organization.' Give your reactions to this statement. 20

(ii) In the light of your discussion on 3(b) (i) above, also show where and how this 'fitting' differs essentially from the 'coping' with 'stress' from the environment emphasized by the systems theory of organization. 20

4. (a) 'Open access to government records is ... the hallmark of a democratic government', but 'governments are not hesitant about destroying records — very deliberately — in order to prevent investigations, as well as to generally weaken accountability'. Do you think that in this situation right to information can go to the extent of demanding complete declassification and 'de-archivization' of government records ? Argue. 30

(ख) (i) 'आकस्मिकता थियोरी रूपावली का सार यह है कि संगठन की संगठनात्मक प्रभाविता, उसकी संरचना के सदृश संगठन के अभिलक्षणों को ऐसी आकस्मिकताओं के साथ संयोजन कर देने का परिणाम होती है, जो संगठन की परिस्थिति को प्रतिबिंबित करती हों।' आप इस कथन पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। 20

(ii) अपनी 3(ख) (i) में चर्चा के प्रकाश में, यह भी दर्शाइए कि यह 'संयोजन', संगठन की प्रणाली थियोरी के द्वारा बलपूर्वक कहे गए 'दबाव' को झेलने से, आवश्यक रूप से कहाँ और किस प्रकार भिन्न है। 20

4. (क) सरकारी रिकार्डों तक मुक्त पहुँच — लोकतांत्रिक सरकार का प्रामाणिकता चिह्न होता है, परंतु सरकारें अन्वेषणों को रोकने और इसके साथ-साथ जवाबदेही को सामान्यतः कमज़ोर कर देने के प्रयोजन से, बहुत जानबूझकर रिकार्डों को नष्ट कर देने में नहीं हिचकिचाती हैं। क्या आपके विचार में, इस स्थिति में सूचना का अधिकार सरकारी रिकार्डों के संपूर्ण निर्वर्गीकरण और निर्अभिलेखाकरण की सीमा तक मांग कर सकता है ? तर्क-वितर्क कीजिए। 30

(b) Should media exposure be included in rules for administrative accountability in India ? State your views. 15

(c) Comment on the role of Civil Society in facilitating administrative accountability with special reference to the 'Janlokpal' issue in India. 15

## SECTION—B

5. Answer the following questions in not more than **150** words each :— 12×5=60

(a) 'Riggs's classification of societies into fused, prismatic, and diffracted is built around the concept of differentiation.' Analyze.

(b) 'The anti-development thesis ... reduces development to an idea without history, impervious to change', but 'fails to take account of the fact that for all its faults, development can be empowering.' Discuss.

(c) The 'selection model of recruitment rests on the assumption that the primary needs to be met are those of the organization.' Examine.

(ख) क्या मीडिया उद्‌भासन को भारत में प्रशासनिक जवाबदेही के नियमों में शामिल किया जाना चाहिए ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 15

(ग) भारत में 'जनलोकपाल' मुद्दे का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, प्रशासनिक जवाबदेही को सुगम बनाने में 'सिविल सोसाइटी' की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए। 15

## खंड 'ख'

5. निम्नलिखित प्रश्नों के अधिक से अधिक **150** शब्दों में उत्तर दीजिए :— 12×5=60

(क) 'रिग्स का समाजों का संयोजित, प्रिज्मीय और विवर्तित में वर्गीकरण विभेदीकरण की संकल्पना के इर्दगिर्द निर्मित है।' विश्लेषण कीजिए।

(ख) 'विकास-रोधी अभिधारणा विकास का दर्जा घटा कर उसको इतिहास-विहीन, परिवर्तन के प्रति अप्रभावनीय विचार बना देती है' लेकिन 'इस तथ्य को ज़हन में लाने में विफल हो जाती है कि अपनी सभी खामियों के बावजूद विकास सशक्तिकारी हो सकता है।' चर्चा कीजिए।

(ग) 'भर्ती का चयन माडल इस अभिगृहीत पर आधारित है कि पूरी की जाने वाली प्राथमिक आवश्यकताएं संगठन की होती हैं।' परीक्षण कीजिए।

(d) 'Our normal expectation should be that new programs will fail to get off the ground and that, at best, they will take considerable time to get started. The cards in this world are stacked against things happening' [Pressman and Wildavsky]. Comment.

(e) 'Those who budget, deal with their overwhelming burdens by adopting heuristic aids to calculation' [Wildavsky]. Explain.

6. (a) Do you think that there is an unresolved and often overlooked tension in Dicey's concept of rule of law, considering that the other principle of parliamentary sovereignty in English constitutional system runs counter to it ? 20

(b) Would you agree that the strong *Rechsstaat* version of the rule of law found on the Continent never existed in England because of its particular history ? 20

(c) Why is *le droit administratif* regarded alongside the Napoleonic Code as the most notable achievement of French legal science ? 20

(घ) हमारी प्रसामान्य प्रत्याशा यह होनी चाहिए कि नए कार्यक्रम चालू नहीं हो पाएंगे और अधिक से अधिक वे प्रारंभ होने में काफी समय लगाएंगे। इस संसार में बाज़ी तो घटना घटने के विरोध में होती है [प्रैसमैन और वाइल्डावस्की]। टिप्पणी कीजिए।

(च) जो बजट तैयार करते हैं, वे परिकलन के स्वत:शोध साधनों को अपनाकर अपने अत्यधिक भारों से निपटते हैं [वाइल्डावस्की]। स्पष्ट कीजिए।

6. (क) क्या आपके विचार में डाइसी की विधि की संकल्पना में अनसुलझा और अक्सर नज़रअंदाज़ किया जाने वाला तनाव है, यह सोचते हुए कि अंग्रेजी सांविधिक प्रणाली में संसदीय प्रभुसत्ता का अन्य सिद्धांत इसके विरोध में हैं। 20

(ख) क्या आप इस बात से सहमत होंगे कि महाद्वीप में पाए जाने वाले विधि के शासन का मज़बूत 'रेसटाट' रूपांतर इंग्लैंड में उसके विशेष इतिहास के कारण, कभी भी नहीं था। 20

(ग) क्या कारण है कि 'ला ड्रौएट एडमिनिस्ट्राटिफ' को नेपोलियनीय संहिता के साथ-साथ फ्रांसीसी विधिक विज्ञान की सबसे ज्यादा उल्लेखनीय उपलब्धि माना जाता है ? 20



**

7. (a) Comment on the reasons why universal theory remains elusive in comparative public administration. 20

(b) Given the importance of the issue of sex equality in development do you think the self-help group movement adequately addresses absence of women in the former mainstream development agenda ? 20

(c) Would you agree with Bachrach and Baratz that along with decisions, non-decisions are also part of policy ? Give reasons for your answer. 20

8. (a) (i) 'Relations are the building blocks of network analysis' — In the light of this statement summarize the form and content of relations in 'network analysis'. 15

(ii) Trace the background and development of PERT and enumerate the steps involved in the application of PERT. 15

(iii) Draw a simple PERT chart for a seminar planning project. 15

7. (क) तुलनात्मक लोक प्रशासन में सार्वत्रिक थियोरी के दुर्ग्राह्य बने रहने के कारणों पर टिप्पणी कीजिए। 20

(ख) विकास में स्त्री-पुरुष समता के महत्व के होने की स्थिति में, क्या आपके विचार में आत्मनिर्भरता समूह आंदोलन मुख्यधारा विकास कार्यसूची में महिलाओं की अनुपस्थिति को पर्याप्त रूप से हाथ में लेता है ? 20

(ग) क्या आप बैकराख़ और बराट्ज़ के साथ सहमत होंगे कि निर्णयों के साथ-साथ अनिर्णय भी नीति का भाग होते हैं ? अपने उत्तर के लिए कारण प्रस्तुत कीजिए। 20

8. (क) (i) 'संबंध जाल विश्लेषण के भवन खंडक होते हैं।' इस कथन के प्रकाश में, जाल विश्लेषण में संबंधों की आकृति एवं अंतर्वस्तु का सार प्रस्तुत कीजिए। 15

(ii) 'पर्ट' की पृष्ठभूमि एवं विकास की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए और 'पर्ट' के अनुप्रयोग में शामिल सोपानों को गिनाइए। 15

(iii) किसी संगोष्ठी योजनाकरण परियोजना के लिए एक सरल 'पर्ट' चार्ट बनाइए। 15

(b) 'The apparent demise of e-Government and e-Business as the main organizing principles of society has created the conditions for the rise of e-Governance from the ashes' — In the context of the above statement show the distinctions between e-Government and e-Governance. 15



**

(ख) 'समाज के मुख्य आयोजनिक सिद्धांतों के रूप में ई-सरकार और ई-कारोबार के आभासी निधन ने भस्म से ई-शासन के उदय के लिए परिस्थितियां पैदा कर दी हैं'—उपरोक्त कथन के संदर्भ में ई-सरकार और ई-शासन के बीच के विभेदन को दर्शाइए। 15



**

Serial No. | | **F–DTN–M–QVBA**

# लोक प्रशासन

## प्रश्न-पत्र—I

*समय : तीन घण्टे* | *पूर्णांक : 300*

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

**यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें। इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जाएं। इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए।**

*उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही में स्पष्ट रूप से काट दें। खाली छूटे हुए प्रश्नों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएं, ऐसा हो सकता है।*

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*